22 सितम्बर से 6 अक्टूबर, 2024
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Uni World 4th Edition
UNIFORM & FASHION EXPO
16 | 17 | DEC 2024
KOLKATA

## Mansoba Unveils Exclusive Fabric Collection at Kasauli Retreat

In a scenic setting amidst the lush hills of Kasauli, Himachal Pradesh, **MAN.SO.BA** a leading name in imported fabrics, hosted an exclusive collection preview conference at the prestigious Ramada Hotel. The two-day event, held on 31st August &1st September 2024, brought together an esteemed gathering of retailers from across the country, marking a significant moment in the journey.









### Preview Sessions & CEO Introduction

The event commenced with an insightful preview session, where attendees were given an exclusive first look at Mansoba's latest fabric collections, showcasing the brand's commitment to quality and innovation. Retailers were invited to explore a wide range of luxurious textiles, each crafted to meet the discerning tastes of modern consumers.



Manasramji Gehlot: Founder



**Mr. Hitesh Mali**

CEO
MAN.SO.BA

A highlight of the day was the formal introduction of Mansoba's new CEO, Mr. Hitesh Mali, whose vision for the brand was met with enthusiasm. He outlined future plans for expansion, emphasizing the brand's focus on strengthening market presence and exploring new avenues.

### Fashion Show and Felicitation...

The second day was dedicated to celebration and recognition. A high-energy fashion show set the tone for the evening, with models strutting down the runway in stunning ensembles crafted from Mansoba's finest fabrics. The show was a visual feast, illustrating the versatility and elegance of the new collection.

Following the fashion show, a delicous party offered attendees the perfect opportunity to network, relax, and enjoy the warm hospitality of Ramada Hotel. The evening culminated in a felicitation ceremony, where Mansoba honoured its top-performing retailers for their exceptional contributions to the brand's success.



We've been in this business for over a decade, and partnering with Mansoba has been a game-changer. The variety they offer is unparalleled, and the feedback from our customers has been overwhelmingly positive.

**ALISHAN- Nagpur**



**Naman Challana**
Subhash Challana & Son's -Fazilka

**Prestigious Dealers**

**Sushant Kumar Jain**
Shree Roop Textile -Bhatinda



Our customers expect the very best, and Mansoba delivers every time. From luxurious textures to vibrant, unique prints, their collections never disappoint.
Their excellent customer service is just the cherry on top!

**PAKIZA- Indore**

### A Promising Future

As the conference drew to a close, the atmosphere was charged with optimism. Mansoba's new leadership, coupled with its unwavering commitment to excellence, promises a bright future for the brand. With plans for expansion and a renewed focus on innovation, Mansoba is poised to continue its legacy as a leader in the fabric industry.






**Mr. Suraj Gupta**
Monopoli Agent, Punjab
Suraj Agencies - Ludhiana






# चिनार फैब्रिक्स की श्रीनगर कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों ने जबरदस्त बुकिंग देकर लिया साइटसीन का आनंद






**भिवानी /** देश की अग्रणी टेक्सटाइल मिल चिनार फैब्रिक्स ने श्रीनगर के होटल पॉम स्प्रिंग में रिटेल सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन 4 से 16 सितंबर, 2024 तक चला, जिसका विधिवत शुभारंभ चिनार फैब्रिक्स के प्रबंध निदेशक **श्री पी. डी. अग्रवाल** एवं डायरेक्टर **श्री उज्ज्वल अग्रवाल** तथा चिनार परिवार, डीलर्स, एजेंट्स एवं व्यापारियों की उपस्थिति में श्रीगणेश आरती के साथ किया। इस अवसर पर श्री पी. डी. अग्रवाल ने बताया कि चिनार फैब्रिक्स देश का बेहतरीन ब्राण्ड है जो आज अपने-आप में एक पहचान बन चुका है। इस सफलता के पीछे हमारे डीलर्स, एजेंट्स एवं रिटेलर्स के साथ-साथ हमारा हौसला बुलंद करने वाली मार्केटिंग टीम का हाथ रहा है, जो बधाई के पात्र है। कॉन्फ्रेंस में कार्लोरेबिटो, एन सी मार्टेल, स्ट्रेच, ट्वीड, बीएनबी, जैफरी रोजर, प्लेटिनियम क्लब, वूलकुर्ता, कॉटन, लिनन कॉटन व पीसी में 58'' शर्टिंग तथा रेग्युलर डिजाइन की क्वालिटियों की विस्तृत रेंज की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर श्री पी. डी. अग्रवाल ने बताया कि चिनार फैब्रिक्स द्वारा सूटिंग-शर्टिंग की पूरी रेंज को बाजार में उतारकर फैशन की दुनिया में एक बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने बताया कि लॉञ्चिंग के समय से ही हमे देश के सभी व्यापारियों ने अत्यधिक बुकिंग देकर जो हौसला बढ़ाया है, उसके लिए चिनार परिवार आभारी रहेगा। इस अवसर पर श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने बताया कि जिस तरह से हमें सूटिंग-शर्टिंग के लॉञ्च करते ही जो बुकिंग मिल रही है, उससे लगता है कि आने वाले समय में सूटिंग-शर्टिंग के उत्पाद को दोगुणा करना पड़ेगा। देश के व्यापारियों से जो सहयोग एवं बुकिंग मिल रही है, उससे चिनार परिवार के हौसले बुलंद है और आने वाले सीजन के लिए और भी अच्छे-अच्छे डिजाइन, बेहतरीन क्वालिटियां बाजार में प्रस्तुत की जा रही है। वहीं चिनार फैब्रिक्स द्वारा निर्मित गिफ्ट पैकिंग्स भारतीय बाजार में बहुत पसंद की जा रही है। जिसकी हमें बहुत अच्छी डिमाण्ड प्राप्त हो रही है तथा सप्लाई एडवांस में चल रही है।









## न्यू फैब्रिक रेंज एवं कैटलॉग लॉञ्चिंग






**चिनार फैब्रिक्स** ने कॉन्फ्रेंस के दौरान प्लेटिनम क्लब एवं स्ट्रेची (लाइक्रा फैब्रिक्स) नाम से नई रेंज लॉञ्च की। इसके अलावा न्यू एथनिक कैटलॉग भी जारी किया, जिनकी व्यापारियों ने उम्मीद से बढ़कर बुकिंग करवाई। श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों से मिले अपार स्नेह से चिनार परिवार अभिभूत है।




## श्रीनगर में बिताए गए आनंद के पलों को भुलाया नहीं जा सकता -व्यापारीगण

**चिनार फैब्रिक्स** ने 4 से 16 सितंबर, 2024 तक आयोजित कॉन्फ्रेंस में देश के कानपुर, रेवाड़ी, भिवानी, नारनौल, भीलवाड़ा, अलवर, बरेली, अलीगढ़, दिल्ली, बरनाला, जयपुर, श्रीगंगानगर, सहारनपुर, नरवाना, अमृतसर, लुधियाना, पिलुखुवा, ग्वालियर तथा करनाल के व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। व्यापारियों ने श्रीनगर कॉन्फ्रेंस की खूब सराहना की। इस अवसर पर व्यापारियों ने अपने-अपने विचार रखे और चिनार की इस पहल को एक स्वर्णीय पहल माना तथा श्रीनगर में बिताए आनंद के पलों को अविस्मरणीय बताया। मार्केटिंग मैनेजर श्री दीपक अग्रवाल ने कॉन्फ्रेंस में पधारे सभी एजेंट्स एवं व्यापारियों तथा **चिनार फैब्रिक्स** की मार्केटिंग टीम को श्रीनगर कॉन्फ्रेंस की सफलता की बधाई दी।

## श्रीनगर बुकिंग कॉन्फ्रेंस की अपार सफलता पर व्यापारियों को दी बधाई

**चिनार फैब्रिक्स** की कॉन्फ्रें स के समापन अवसर पर श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चिनार परिवार आपके अथक प्रयास एवं मेहनत से आगे बढ़ रहा है और हम आपको विश्वास दिलाते है कि **चिनार फैब्रिक्स** आपके लिए अच्छे-अच्छे डिजाइंस समय-समय पर लॉञ्च करती रहेगी, ताकि बाजार में आप बदलते हुए फैशन के अनुसार अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखे। यह तभी संभव हो पाएगा जब आपका सहयोग बराबर मिलता रहेगा। **चिनार फैब्रिक्स** की श्रीनगर कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने के लिए आपने हमें जो सहयोग दिया, उसके लिए चिनार परिवार सदैव आपका आभारी रहेगा।






















पाक्षिक
# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 24-09-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-27 | अंक-07 | भीलवाड़ा/22 सितम्बर, 2024 | कुल पृष्ठ- 34 | मूल्य : 25 रुपए































## बाजार का सेंटीमेंट बदला

### सूती कपड़ों के भाव मजबूत

# त्योहारी सीजन को लेकर बाजार में उत्साह

**मुंबई / रमाशंकर पाण्डेय**

कपड़ा मार्केट में त्योहारी ग्राहकी में ज्यादा दम नही है। यद्यपि फिनिश कपड़ों का स्टॉक बहुत अधिक नहीं है। रेडीमेड गारमेंट और गारमेंट कपड़ों के लिए बाजार का रूख अब सकारात्मक होने से कपड़ों में कारोबार बढ़ने की धारणा जोर पकड़ रही है, वहीं दूसरी ओर रूई एवं यार्न के भाव बढ़ रहे हैं। इस कारण ग्रे-सूती कपड़ों के भाव मजबूत हो गए हैं, परंतु ग्राहकी का सपोर्ट अच्छा नहीं होने से पावरलूम इकाइयों में ग्रे-कपडों का उत्पादन कम हो रहा है। इतना तो तय माना जा रहा है कि कच्चा माल महंगा होने के बाद ग्रे एवं फिनिश कपड़ों के भाव बढ़ना ही है, भले बाजार इस पॉजीशन में नहीं है कि इस वृद्धि को आसानी से हजम कर सके।

जानकारों का कहना है कि कपड़ों में मंदी का दौर पूरा होने और तेजी शुरू होने की धारणा अब जोर पकड़ रही है। कपड़ा कारोबारियों ने इसे ध्यान में रखते हुए योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। श्राद्धपक्ष बीतते ही नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों की ग्राहकी तेजी से बढ़ने की उम्मीदों पर नये उत्पादों की ओर व्यापारियों का ध्यान बढ़ गया है। इस बार दीपावली के बाद 15 नवम्बर से वैवाहिक सीजन शुरू हो रहा है। यह सीजन लंबी अवधि का होने के अनुमान से बाजार में कारोबार का अच्छा सेंटीमेंट देखने को मिलेगा। कपड़ों में खरीदी अच्छी रहने की धारणा है, लेकिन अभी त्योहारी ग्राहकी का इंतजार है। एक तो बाजार में ग्राहकी कमजोर है, दूसरा कपड़ों की उत्पादन लागत बढ़ रही है। भुगतान पैटर्न में कोई बदलाव नहीं है। एमएसएमई को 45 दिनों में भुगतान करने का नियम है, इसलिए व्यापारी कपड़ों का अधिक स्टॉक नहीं करना चाहते हैं। लंबे समय से कपड़ों का उत्पादन कम हो रहा है, सप्लाई लाइन खाली है।

शेषांश पृष्ठ 12 पर...
























# आगामी सीजन के इंतजार में व्यापारी

**ब्यावर/अनिल डोसी**

मार्केट में ग्राहकी अभी धीमी गति से चल रही है। आगे अभी श्राद्धपक्ष के 15 दिन के बाद नवरात्रा, दीपावली में अच्छी ग्राहकी चलने की उम्मीद है। वैसे ग्रे-मार्केट में तेजी बनी हुई है, परंतु ग्राहकी नहीं होने से भाव नही बढ़ रहे हैं फिर भी सप्लायर्स बढ़ाकर बोल रहे हैं। माल की आवक जरूरत के मुताबिक बनी हुई है। सलवार सूट, ड्रेस मटीरियल, शर्टिंग-सूटिंग फैंसी ब्लाउज एवं टेरी रूबिया, पोपलीन साड़ियां इत्यादि की मांग बनी हुई है। आगे मौसम के अनुसार गरम माल की आवक लुधियाना व पानीपत से आनी शुरू हो गयी है। पेमेंट की आवक सीमित बनी हुई है।

# फोस्टा की रेलवे प्रशासन के साथ ट्रांसपोर्टेशन पर हुई आवश्यक मीटिंग




सूरत/ फोस्टा बोर्ड रूम में 2 सितंबर, 2024 को फोस्टा एवं रेलवे अधिकारी डॉ. मनोज बरहत (IRTS), एरिया रेलवे मैनेजर, वलसाड सबडिविजन, श्री सौरभ कुमार(IRTS) डिविजन कॉमर्सियल मैनेजर, मुंबई एवं श्री मुकेश सिंह, एरिया ऑफिसर, सूरत के बीच रेलवे द्वारा ट्रांसपोर्टेशन माध्यम से व्यापारीबंधुओं के पार्सल बहार गाँव मंडियों में भेजने सम्बंधित अधिक जानकारी एवं सलाह सुचना हेतु एक आवश्यक मीटिंग हुई।

अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम ने बताया कि सूरत से पूरे भारत में कपड़े के साथ-साथ जरी, यार्न इत्यादि का माल जाता है, जो ज्यादातर रोड़ ट्रांसपोर्ट के माध्यम से भेजा जाता है। रेलवे ट्रांसपोर्ट द्वारा यदि पार्सल भेजे जाते हैं तो उससे व्यापारीबंधु एवं रेलवे दोनों का समय एवं शुल्क का फायदा रहेगा। उपस्थित अधिकारी श्री मनोज बरहत ने रेलवे ट्रांसपोर्टेशन सुविधा के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान में सूरत से वाराणसी, मुज्जफरपुर, भागलपुर, दानापुर, बंगाल ट्रेन के माध्यम से गुड्स डिलिवर किये जा रहे हैं। साथ ही आगे भी और जगहों पर गुड्स हेतु ट्रेन की बातचीत चल रही है उस पर उचित निर्णय लिया जायेगा। सूरत कपड़ा व्यापार का केंद्रबिंदु है। अतः रेलवे ट्रांसपोर्टेशन की बहुत सारे स्टेशन पर अवसर है जिसके लिए गुड्स ट्रेन बढ़ाई जाए।

## रेलवे ट्रांसपोर्टेशन से व्यापारी बंधुओं को आने वाली समस्याओं से अवगत कराया

- **रेलवे ट्रांसपोर्ट के माध्यम से गुड्स भेजने पर उसके ट्रेकिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है। एक ट्रेन में करोड़ों का माल भेजा जाता है, जिसमें उसके ट्रेकिंग होना आवश्यक है।**
- **वेस्टर्न रेलवे और इस्टर्न रेलवे में आपसी समन्वय की कमी रेलवे में माल भेजने, उतारने में अनियमितता रहती है।**
- **वाराणसी रेलवे स्टेशन में गुड्स माल की डिलिवरी प्लेटफोर्म नबर 9 पर होती है, वहां से स्टेशन के बाहर लाने में लेबर का चार्ज, पार्सल डेमेज इत्यादि का नुकसान व्यापारियों को भुगतना पड़ता है। जिससे वाराणसी के लिए रेलवे ट्रांसपोर्टेशन का उपयोग कम हुआ है जिस पर उचित कदम उठाने चाहिए।**
- **स्टेशन पर प्लेसमेंट की समस्या रहती है जिस पर उचित निर्णय लिए जाना चाहिए।**

साथ ही फोस्टा ने रेलवे अधिकारियों से मांग रखते हुए कहा कि यदि उधना स्टेशन पर हमें बुकिंग के लिए जगह मिले तो, उससे सूरत से रेलवे के माध्यम से पार्सल भेजने में गति मिलेगी, क्योंकि बुकिंग के लिए उचित स्थान न होने से भी व्यापारियों को रेलवे के माध्यम से बुकिंग करने में परेशानी आती है। यदि एक जगह मुहैया कराई जाए तो उससे बुकिंग में आसानी होगी और रेलवे का व्यापार बढ़ेगा। आज की मीटिंग में फोस्टा डायरेक्टर, सूरत गुड्स ट्रांसपोर्ट के पदाधिकारी एवं मार्केट के अग्रणी व्यापारीबंधू उपस्थित रहे।




# रेडीमेड गारमेंट में रिटेल मांग बढ़ने के साथ उत्पादन में सुधार

**मुंबई / रमाशंकर पाण्डेय**

रेडीमेड गारमेंट का बाजार अच्छे कारोबारी मूड में आ गया है। गारमेंट की सभी वैरायटी में त्योहारी ग्राहकी निकलने से बाजार का सेंटीमेंट बदला है। गारमेंट का उत्पादन जो अभी तक धीमी गति से हो रहा था, अब नये निर्यात ऑर्डर आने और त्योहारी मांग खुल जाने से इसमें भी तेजी से सुधार हो रहा है। रिटेलर्स के पास पुराना स्टॉक होने से अभी तक गारमेंट की खुदरा ग्राहकी कमजोर थी, लेकिन बाजार में ग्राहकी अच्छी निकलने से रिटेलर्स नये माल में कारोबार करने को उत्साहित है। इसलिए गारमेंट में अच्छा कारोबार होने से सेंटीमेंट सुधरा है। गारमेंट में कारोबार सुधरने के कई कारण है। एक तो पिछले लंबे समय से गारमेंट के उत्पादन में एक तरह से ठहराव आ गया था, इसलिए सप्लाई लाइन पूरी तरह से खाली है। रिटेलर्स की मांग पहले से कुछ बढ़ी है, कारण कि मार्केट में त्योहारी मांग निकलनी शुरू हो गई है। इसके अलावा आगे वैवाहिक सीजन की ग्राहकी निकलनी है। बांग्लादेश में फैली अशांति के कारण ग्लोबल ब्राण्डों के ऑर्डर भारत की ओर आ रहे हैं। इसके अलावा यूरोपियन यूनियन के साथ बातचीत चल रही है। इन कारणों से गारमेंट में निर्यात कारोबार अच्छा होने वाला है। गारमेंट उत्पादन में सुधार होने के कुछ संकेत तिरूपुर, नोएडा और बैंगलोर की इकाइयों में बढ़े कामकाज से लगाया जा रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि इन इकाइयों के पास वैश्विक ब्राण्डों के ऑर्डर आने से उत्पादन बढ़ा है। आमतौर पर विदेशी ब्राण्ड क्रिसमस एवं नये वर्ष के लिए जून एवं जुलाई में और स्प्रिंग सीजन के लिए दिसम्बर एवं जनवरी में ऑर्डर दिया करते हैं, लेकिन क्रिसमस से पहले ही तिरूपुर में निर्यात ऑर्डर बढ़ने लगे हैं। तिरूपुर नीटवेर निर्यात उद्योग को पिछले दो से तीन सप्ताह में 450 करोड़ रू से अधिक का निर्यात ऑर्डर मिला है। वैश्विक ब्राण्ड 10 नई निटवेर मिलों पर है, यदि सब कुछ ठीक रहा तो आगे ऑर्डर बढ़ सकता है। वैश्विक बाजार में भारत का हिस्सा बढ़ रहा है। वर्ष 2023-24 में 14.5 अरब डॉलर का एपेरल का निर्यात किया गया था, वहीं वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में भारत का तैयार वस्त्रों का निर्यात 3.9 अरब डॉलर था। टॉप कुर्ती, वेस्टर्नवेर और नाइटी में कारोबार अच्छा है। चिल्ड्रेनवेर की होजियरी वैरायटी में रिटेल व्यापार अच्छा है। लंबे अंतराल के बाद जेंट्सवेर में ग्राहकी निकलने से उम्मीद बढ़ी है। यदि जेंट्सवेर में कारोबार जल्दी पटरी पर लौटता है, तो गारमेंट बड़ी तेजी से करवट बदलेगा। स्थानीय मांग के साथ निर्यात मांग के बल पर गारमेंट में उत्पादन गतिविधियां सुधरने लगी है और गारमेंट कपड़ों की मांग कुछ बढ़ी है।

# आगामी सीजन में अच्छी बिक्री की उम्मीद

**पटना / कृष्णा अग्रवाल**

स्थानीय वस्त्र मण्डी के व्यापारियों द्वारा वूलन का माल लेने में थोड़ी रूचि देखी गई हैं, ताकि अभी वूलन का माल नहीं लेने पर आगे रेट बढ़ने के चांसेज है। बीते दिनों तीज पर अच्छी बिक्री हुई, लेकिन अभी पितृपक्ष में कोई भी नया कपड़ा नहीं खरीदता है तथा 15 दिन भयंकर मंदी की चपेट में है। अतः पितृपक्ष के बाद दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ की बहुत अच्छी बिक्री रहती है। इसके बाद लग्न-मुहूर्त होने से व्यापारियों को उम्मीद है कि दिसंबर तक कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

# रिटेल बुकिंग का क्रेज जबरदस्त

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

इस समय बाजार में मिलों से प्रतिनिधि को बुलाकर रिटेल बुकिंग करवा रहे हैं। मेसर्स श्री अतुल सूटिंग्स के यहां रिटेल बुकिंग अच्छी हो रही है, वहीं प्राइमरा सूटिंग का कपड़ा अच्छा बिक रहा है। जैसे - मालमर्स, ज्याफर, मिडियोकर, मैक्समारा, गिवनसी, मेरीन, नोटिस बोर्ड इत्यादि की बुकिंग अच्छी आ रही है। इन्द्रमोहन एण्ड कंपनी के यहां पहाड़ों में रिटेल बुकिंग अच्छी हो रही है। आगामी त्योहारी सीजन पर बुकिंग पार्टियां अच्छा दे रही है। F.G. बॉम्बे फैशन श्री मुहीम भाई के यहां प्राइमरा सूटिंग का कपड़ा जैसे कॉटलाइन व्हाइट, लाइक्रा, ज्याफर, पालमर्स, सिनामेटिक्स इत्यादि की बुकिंग अच्छी कर रही है। पार्टियों ने रिटेल बुकिंग में धूम मचा रखी है। मुमताज वस्त्र भण्डार श्रीमान गोलु भाई के यहां साड़ियां, सूट एवं सूटिंग-शर्टिंग मिक्स एण्ड मेंस की बुकिंग अच्छी हो रही है। यूनिफॉर्म के यहां प्राइमरा का कपड़ा अच्छा जा रहा है। रेडीमेड में हर कलर में अच्छी बुकिंग मिल रही है। अभी बाजार में प्रतिनिधियों को बुलाकर सूटिंग-शर्टिंग के अच्छे ऑर्डर दिए जा रहे हैं।

# फेस्टिव सीजन की तैयारी में व्यापारी

**कोयंबटूर/सुनिल जैन**

अभी मार्केट में ना तो कोई ज्यादा तेजी है, ना ही ज्यादा मंदी है। वैसे भी देखा जाए तो कपड़ा व्यापारियों के लिए यह वर्ष कुछ खास नहीं रहा एवं स्कूल सीजन भी ठीक-ठाक ही था। आगे व्यापारी अपने-अपने हिसाब से दिवाली सीजन की तैयारी में लग गए हैं। मार्केट में काफी व्यापारी सूरत, मुंबई, वाराणसी, कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद आदि जगहों पर खरीदी के लिए निकल चुके हैं या फिर खरीदी करके लोट आए हैं। इस बार दिवाली अक्टूबर के अंत में होने से अक्टूबर माह में दिवाली की सीजन अच्छी चलने की उम्मीद है। वैसे भी सिलाई वाले कपड़ों से रेडीमेड का प्रचलन कहीं गुना बढ़ गया है, जिससे कपड़ों के काफी व्यापारी अब रेडीमेड की तरफ रूख कर चुके हैं।

# तापमान की गिरावट से गरम माल की डिमांड तेज

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

आलोच्य पखवाड़े में जहाँ छिटपुट ग्राहकी देखने को मिल रही थी, वहीं अब सन्नाटा पसरा है। शहर के किसी भी वस्त्र प्रतिष्ठान पर बमुश्किल ग्राहक नजर आ रहे हैं। ग्राहकों के अभाव को देखते हुए कई साड़ी विक्रेताओं ने डिस्काउंट भी बढ़ा दिया फिर भी आशानुरूप ग्राहकी नहीं होने से माल नहीं बिक पा रहा है। वैसे वस्त्र-विक्रेताओं को अनुमान था कि श्राद्धपक्ष के पश्चात ही बाजार में तेजी देखने को मिलेगी। अधिकांश वस्त्र-विक्रेता आने वाले दीपावली सीजन की तैयारी में लगे हैं। कई प्रतिष्ठानों पर रिनोवेशन का काम चालु है और कई नये माल के इंतजार में हैं। गरम वस्त्र-विक्रेताओं ने गरम माल मंगाना और कइयों ने गरम माल का पुराना स्टॉक सम्भालना शुरू कर दिया है। बीते कुछ दिनों में रात्रि के तापमान की गिरावट ने गरम वस्त्र-विक्रेताओं को काम पर लगा दिया है। अतः जानकारों का मानना है कि नवरात्रि से बाजार सम्भलेगा और आने वाला दीपावली सीजन इस बार वस्त्र-विक्रेताओं को खुशियां देगा।

# पितृपक्ष का असर मार्केट पर

**सतना / बलराम शुक्ला**

गणपति विसर्जन के बाद श्राद्धपक्ष शुरू हो जाएगा। जैसा की माना जाता है कि शास्त्रों में भी इस पक्ष में शुभ कार्य का निषेध माना गया है, इसलिए व्यापार लगभग न के बराबर ही रहता है। यदि तैयारी की दृष्टि से माने तो कुछ ही व्यापारी है जो देशावर खरीदी में जाते हैं। प्रायः सभी की मान्यता है कि पितृपक्ष में नया कपड़ा नहीं खरीदना तथा यात्रा भी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि सनातन धर्म को मानने वाले लोग जो हम सभी को छोड़कर देवलोक में चले गये हैं उनके मोक्ष की कामना के लिए पितृ तर्पण करते हैं। प्रायः लोग पिण्डदान करने के लिए प्रयागराज, काशी, गया, पुष्कर जाते हैं, इसलिए व्यापार नवरात्रि के बाद ही गति पकड़ता है। हाँ, सप्लायर्स जरूर बुकिंग के लिए आने लगे हैं लेकिन अभी मार्केट में कामकाज नहीं है ।







टेक्सटाइल वर्ल्ड Presents
Uni World
UNIWORLD 4th Edition
UNIFORM & FASHION EXPO
16 | 17 | DECEMBER 2024
BISWA BANGLA MELA PRANGAN, KOLKATA


Collection of Impression
The Perfect Man
Servicom's
FINE SUITINGS
Servicom Rayon India
e-mail : servicomrayonindia@yahoo.in
Mumbai office :
99, Dadiseth Agiary Lane, 2nd, Floor, Mumbai-2
Ph.: 022-22050755, Cell : 093242-20245
Bhilwara Office:
G-9/10, 4th Phase, RIICO Ind. Area, Bhilwara (Raj.)
Ph.: 01482-297324, Cell: 094141-14324


MAYPRE
LEGACY OF FASHION
Dealing in
Shirting & Kurta Fabrics
MAHAVIR TEXTILES
Office: 19/21, Ladwadi, Khokhawala Bldg., 2nd Floor,
Old Hanuman Lane, Kalbadevi, Mumbai- 02.
Tel.: 022 4004 3239 | Email: mahavirtextiles@yahoo.co.in
For Trade Inquiry:- Kumarpal Jain- +91 93241 47233 | Karan Jain- +91 98206 86838


Specialisation in
UNIFORM
& CORPORATES
OUR BRAND PARTNERS
Mafatlal
Kalpatru
KaKa UNIFORMS
Arrmeelon
BSL
SMT
RAGHAV
Renlon
Sketcher's
Swaraj
CHAIRMAN
UNINATION
Saileela
NEWMAN SUITINGS & SHIRTINGS
।। श्री नाकोड़ा भैरवाय नमः।।
BS
Deal with ease, deal with us
Bhairav Syntex
Textile Agent
112, 1st Floor, Shreenath Tower, Pur Road, Gangapur Choraha
Bhilwara-311001 (Raj.) bhairavsyntex11@gmail.com
MAHENDRA JAIN 9413860897, 6378541066, HARSH JAIN 9461132695


Qmax WORLD
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY
Choose from our exclusive range of uniform fabrics
02522 666 666
info@qmaxworld.com
www.qmaxworld.com
ONE NATION
Jugg jugg jeeyo
GYFT ME
AGENTS SOLICITED


Manufacturers Of Exclusive Shirtings & Corporate Uniform
Kalpatru
TRULY WONDERFUL
KALPATRU SYNTHETICS
PRIVAT LIMITED
CORP. OFF:- Rajlaxmi Comm. Complex,
'J' Bldg., 2nd Floor, Gala No. 216 to 218
Kalher Village, Bhiwandi,Thane- 421 302.
Tel: 95951-46883, 95952-46882
REGD. OFF:- 26, Bandrawala Bldg., 2nd Floor, 16,
Dadi Seth Agiari Lane, Mumbai- 02.
Ph.: 022-2240 0642 / 40056305,
Mob.: 93202-12219, 80807-77101
Helpline no +91 7219896584 | E-mail: kalpatru_syn@yahoo.co.in


ANIRUDH TEXCHEM PVT. LTD.
Extensive colour range
a complete spectrum
of uniform shades that
allows you to create
thousands of uniform
designs
ANIRUDH TEXCHEM PVT. LTD.
+91 9352815046
www.anirudhtextile.com
Anirudh Texchem
anirudhtexchem
anirudhtextiles@gmail.com
C-69, B.T. Market, Pur Road, Bhilwara (Raj)
MUMBAI OFFICE: Room No. 8, First Floor, Dwarka Sadan, Sai Nath Road Next To Lifeline
Hospital, Malad ( West ), Mumbai-64 (Maharashtra) Mob:-98202-33140
Mills: E-170, Hamirgarh Growth Center, Bhilwara


अब बारिश को करो एन्जॉय,
दाग धब्बों से डरे बिना। कैसे ?
इनोवेटिव
फैब्रिक से!
Sparsh-Fab
UNIFORM FABRIC
THOUGHTFUL UNIFORMS
3X COOL
भारत एक ट्रॉपिकल देश है जहाँ दिनभर यूनिफॉर्म पहनना एक टास्क है। इस समस्या का समाधान है 3X Cool फैब्रिक। प्रिय साथियों ! क्या आपको इस मैजिकल फैब्रिक के बारे में जानकारी है ? स्पर्श-फैब को विश्वास है कि यह एक रेवोल्यूशनरी खोज है जो न केवल यूज़र्स को कम्फर्ट प्रदान करेगी, बल्कि बिज़नेस में भी पहली पसंद होगी। इसकी तीनो खूबियाँ इसे एक चहेता विकल्प बनाते है। यदि आप को इस इनोवेटिव फैब्रिक के बारे में अधिक जानकारी चाहिए तो बेझिझक हमें संपर्क करे।
सॉइल रिलीज़
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान
डायनामिक ड्राइंग
मॉइस्चर को सोखे, कपडे को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त.
एंटी स्टेटिक
स्टेटिक बिल्डअप को अवरोध करने वाला कपड़ा सुरक्षित, टिकाऊ तथा आरामदेह
एक फैब्रिक जो पहनने वालों को रखे कम्फर्टेबल दिनभर और
आप को रखे व्यवसाय में अग्रसर।
चैक्स और लाइनिंग में 36 पन्ने में तैयार स्टॉक
डिमांड करने पर अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध
एक ऐसा फैब्रिक जो 10 सेकण्ड्स में सोखे पसीना , दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ.
यह फीचर कैसे काम करता है यह जानने के लिए स्कैन करें
स्पर्श फैब जो हमेशा कटिबद्ध रहा है। अपने सभी सहयोगी व्यापारियों की प्रगति के लिए हम उसी तरह वचबद्ध हैं। हमारे सभी उपभोक्ताओं के प्रति भी भारत एक उष्ण कटिबंधीय प्रदेश है जहाँ औसतन तापमान ३३ अंश होता है। ऐसे में पूरे दिनभर एक ही यूनिफॉर्म पहने रहना तकलीफ तथा असुविधाजनक हो सकता है। हम ऐसी परिस्थितियों पर हमारे रिसर्च एण्ड डवलपमेंट डिपार्टमेंट में निरंतर अभ्यास करते है, इसके चलते हमने एक नए आविष्कार को सांझा किया है 3X COOL यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पसीने को केवल 10 सेकण्ड में सोखता है, तो उपभोक्ता को चिपचिपेपन से राहत मिलती है और वह फ्रेश महसूस करता है। इस ट्रीटमेंट की वजह से कपड़े पर धूल-मिट्टी जमने में अवरोध होता है जिसकी वजह से कपड़ों का क्लीनिंग और मेंटेनेंस आसान होता है। इस कपडे में स्थायी ऊर्जा पैदा नहीं होती और उपभोक्ता को चुभन से राहत मिलती हैं, जिससे वह आराम तथा सुकून का अनुभव करता है।
स्पर्श का यह कपड़ा चैक्स और स्ट्राइप्स के 36 पन्ने में उपलब्ध है। विशेष मांग पर अन्य डिज़ाइन में भी यह उपलब्ध हो सकता है, पर सबसे आनंददायक बात यह है कि ये कपड़ा उसी दाम में उपलब्ध है। इस विशेषता के होने से हमारे व्यापारी प्रतिस्पर्धी व्यापारियों से आगे रहेंगे और उन्हें ऑर्डर पाने में आसानी होगी, तो आइये इस नए वर्ष में अधिकाधिक व्यापार करें और इस नए वर्ष 2024 को एक सफल और खुशहाल वर्ष बनायें।
नया वर्ष नयी उम्मीदों और सफलताओं से भरा हो, नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ।
फ्री 3X Cool फैब्रिक के सैंपल के लिए
या आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्क :
98 20 20 79 53
74 20 02 40 89




FOR TRADE ENQUIRY : Contact : 82640-40737 | Website : www.modella.in | Email: modellawool@gmail.com




TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Tessitura Monti India Pvt.Ltd. BORN IN ITALY 1911

Factory & Registered Office :

Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer,
Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra.
INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

@TESSITURAMONTI.INDIA

Corporate Office :

77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027,
INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

Auth. Distributors : Maharashtra & Gujarat - M/s Yuana Fashion, Mumbai - Mr. Sachin -9820041644 Karnataka & Kerala - M/s Vogue Vastra, Bangalore - Mr. Vicky -9886393460

For Distributorship Enquiry In Unrepresented area : +91 97028 39191




**Available at all the leading retail outlets across the country. For trade/ corporate enquiries, contact: 022-68330500.**

## VELARDI SHIRTINGS LAUNCHED BY SIYARAM'S

# REDEFINING PREMIUM BLENDED FABRICS




**Mumbai/ Siyaram's, a leading textile brand, unveiled its latest offering, Velardi Shirtings, at a glittering event held at Hotel Sahara Star in Mumbai.**

**The launch marked a significant milestone in the company's journey, reinforcing its commitment to innovation and excellence.**

**Shridhar Soni, Vice President, Siyaram Silk Mills Limited,** expressed his excitement about the launch, stating, "Velardi represents the pinnacle of premium blended shirtings. Our expertise, combined with cutting-edge technology, has enabled us to create a fabric that redefines elegance and sophistication."

**Arun Nayak, Brand Head, Velardi,** highlighted the growing demand for blended fabrics, saying, "The world is moving towards blends, and Velardi is poised to meet this demand.

Our unique blend of cotton, Micro, linen, Tencel, Modal, Silk and Lycra creates a fabric that's luxurious, durable, and easy to care for."

Velardi Shirtings boasts an unparalleled blend of characteristics, making it the ultimate choice for discerning individuals. Its luxurious feel, breathability, and subtle luster ensure a confident, sophisticated, and unstoppable wearer.

"Velardi is not just a fabric; it's an experience," added Nayak. "It's for those who appreciate quality, value elegance, and understand that true sophistication lies in the details."

With Velardi, Siyaram's aims to revolutionize the shirting industry, offering an unmatched combination of style, quality, and comfort.

***KEY FEATURES OF VELARDI SHIRTINGS:***

- **Unique blend of Cotton, Micro, linen, Tencel, Modal, Silk and Lycra**
- **Luxurious feel and breathability**
- **Durable and easy to care for**
- **Subtle luster and impeccable draping**
- **Perfect for discerning individuals seeking elegance and sophistication**
- **Easy to maintain**
- **Wrinkle free**






FOR TRADE INQUIRES
AGENTS/DEALERS/ DISTRIBUTORS CALL:
**MR. YOGESH JAIN- 9632110000**
E-mail: mail@jsfashions.co.in

BRAND OWNED BY
**J.S. FASHIONS (INTL) PVT. LTD.**
IMPORTERS & EXPORTERS
BANGALORE (KARNATAKA)







# 'शिवा टेक्सटाइल' सिरसा ने किया रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन





## 'केजरीवाल एजेंसी' रोहतक का रहा विशेष सहयोग

**सिरसा/** हरियाणा राज्य में स्थित शहर सिरसा के प्रमुख होलसेल कपड़ा संस्थान '**शिवा टेक्सटाइल**' द्वारा विगत दिनों होटल अरोमा इन में रिटेल सेल्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा एवं राजस्थान के रिटेल व्यापारियों ने शिरकत की। कॉन्फ्रेंस के आयोजन में विशेष सहयोगी मार्केटिंग फर्म 'केजरीवाल एजेंसी' के संचालक श्री राजेश केजरीवाल ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में सत्कार सूटिंग, लिनन विस्टा, अशर्फी, रॉयल सूटिंग, श्री फैब्रिक्स सहित मुंबई के प्रतिष्ठित ब्राण्ड्स के सूटिंग-शर्टिंग, एथनिक फैब्रिक्स एवं गिफ्ट पैकिंग्स का आकर्षक डिस्प्ले किया गया। कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित रिटेल व्यापारियों ने प्रदर्शित ब्राण्ड्स के फैब्रिक्स की प्रशंसा की तथा अच्छी बुकिंग करवाई। इस अवसर पर 'शिवा टेक्सटाइल' के ऑनर श्री सुरेंद्र गोयल एवं एजेंट श्री प्रांशु केजरीवाल ने व्यापारियों का स्वागत किया।







Simone Federico & Figli began its journey from the picturesque town of Biella, nestled in the heart of Italy.
**NOW IN INDIA** SOON AVAILABLE IN A STORE NEAR YOU.
Scan for website

# इटेलियन प्रीमियम सूटिंग फैब्रिक CARISIO की भारतीय वस्त्र बाजार में धमाकेदार लॉञ्चिग

विशाखापट्टनम/ मेन्स फैशन इण्डस्ट्री में अग्रणी टेक्सटाइल ब्राण्ड सियाराम्स ग्लोबल फैशन ट्रेण्ड्स को ध्यान में रखते हुए इटालियन प्रीमियम सूटिंग फैब्रिक CARISIO की लॉञ्चिंग की। इस ब्राण्ड की लॉञ्चिंग कंपनी को अन्य वस्त्र-निर्माताओं की पंक्ति में और अधिक पृथक और मजबूती प्रदान करती है। इटली में डिजाइन किया गया और यूरोप के कुछ हिस्सों से निर्मित CARISIO इटालियन स्टाइल की मौलिकता और प्रामाणिकता को भारतीय बाजार में प्रदर्शित करता है।

कैरिसियो प्रीमियम टेरी-रेयॉन और टेरीवूल ब्लेण्ड से बने उच्च गुणवत्ता वाले सूटिंग फैब्रिक प्रदान करता है, जो परफेक्ट ब्लेण्ड, कम्फर्ट स्टाइल और शोफेस्टीनेशन को प्रदर्शित करता है। यह कलेक्शन प्रीमियम ग्राहकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय फैशन और गुणवत्ता को महत्त्व देते हो।

CARISIO के साथ, सियाराम का लक्ष्य भारतीय उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय फैब्रिक तक पहुँचाना है, जिससे उन्हें ग्लोबल फैशन का सर्वश्रेष्ठ अनुभव मिल सके। गुणवत्ता, नवाचार और स्टाइल के प्रति ब्राण्ड की प्रतिबद्धता ने इसे कपड़ा उद्योग में एक विश्वसनीय नाम बना दिया है। CARISIO ब्राण्ड अपनी कसौटी पर खरा उतरकर ब्राण्ड को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**कैरिसियो की मुख्य विशेषताएं**

- यह इटली में डिजाइन किया गया, यूरोप और एशिया के कुछ हिस्सों में निर्मित है।
- यह प्रीमियम रेयॉन और टेरीवूल ब्लेण्ड है।
- कम्फर्ट और स्टाइल के बेहतरीन समावेश के साथ यह उच्च गुणवत्ता वाले सूट का कलेक्शन है।
- यह ग्लोबल फैशन रूझानों का सार प्रस्तुत करता है।
- अंतरराष्ट्रीय फैशन और गुणवत्ता को महत्त्व देने वाले व्यक्ति की जरूरतों को पूरा करता है।

ब्राण्ड की लॉञ्च पर विशेष जानकारी देते हुए श्रीधर सोनी, वाइस प्रेसिडेंट, 'सियाराम सिल्क मिल्स लि.' ने कहा, 'हम कैरिसियो को पेश करते हुए रोमांचित है, जो एक प्रीमियम इतालवी सूटिंग फैब्रिक है जो भारत में ग्लोबल फैशन को सर्वश्रेष्ठ बनाता है। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को विश्वस्तरीय उत्पाद प्रदान करना है जो अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हैं और कैरिसियो इस प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।'



वाह! एथनेयर की क्या रेंज है! मुझे कलेक्शन देखकर बहुत खुशी हुई। बाजार में एथनिक कपड़ों की आपूर्ति के लिए सियाराम से बेहतर कौन हो सकता है। कैरिसियो टीआर रेंज भी शानदार है। सियाराम की टीम इसे ऐसे ही जारी रखे।

-बलजिंदर सिंह
संधु द रॉयल स्टिच, अमृतसर



सियाराम बाजार में एथनिक वस्त्रों की बिक्री का तरीका बदलने जा रहा है। उनका कलेक्शन बहुत बढ़िया है और प्रजेंटेशन कैटलॉग शानदार है। विजाग कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से इसे पेश किया गया, मैं उसकी सराहना करता हूँ। सियाराम की टीम को बहुत-बहुत बधाई।

-सुबोध पांडे
एजेंट, पटना



मैं एथनेयर और कैरिसियो के कलेक्शन को देखकर बहुत उत्साहित हूँ। कैटलॉग बहुत शानदार है। मुझे लगता है कि यह कलेक्शन आने वाले सीज़न में बाजार पर राज करेगा। सियाराम की टीम को बहुत-बहुत बधाई।

-उज्ज्वल
तत्वा डिजाइनर्स, जालंधर







# सियाराम ने किया एथनेयर फेस्टिव और वेडिंग कलेक्शन लॉञ्च

**विशाखापट्टनम** / देश की प्रमुख एवं अग्रणी टेक्सटाइल ब्राण्ड सियाराम ने विजाग के नोवोटेल होटल में अपने एक्सक्लूसिव एथनिक ब्राण्ड एथनेयर के तहत आकर्षक एथनेयर फेस्टिव और वेडिंग कलेक्शन लॉन्च किया गया। इस विशेष लॉन्चिंग में देशभर के लगभग 200 से अधिक टॉप रिटेलर्स ने शिरकत की। कंपनी द्वारा उत्पादित पारंपरिक और समकालीन फैशन की कई नवीनतम एवं आकर्षक कलेक्शन व्यापारियों के समक्ष प्रदर्शित किया गया।

सियाराम के डिजाइनरों द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार किए गए एथनेयर कलेक्शन में फैब्रिक कलर्स एवं डिजाइंस की एक बेहतरीन रेंज है, जो भारतीय त्योहारों और शादियों में परिधान की उपयोगिता को सार्थक बनाती है। यह शानदार सिल्क से लेकर एलीगेंट कॉटन फैब्रिक्स तक यह कलेक्शन हर अवसर के लिए कुछ न कुछ नया प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहक अपने अगले आयोजन में एक अलग पहचान बनाएं।

लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए **श्रीधर सोनी, वाइस प्रेसिडेंट 'सियाराम सिल्क मिल्स लि.'** ने कहा, 'हम अपने एथनेयर फेस्टिव और वेडिंग कलेक्शन को पेश करते हुए उत्साहित हैं, जो भारतीय परंपराओं और आधुनिक शैली की भावना को दर्शाता है। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को बेजोड़ गुणवत्ता, आराम और फैशन प्रदान करना है और हमें विश्वास है कि यह कलेक्शन उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर होगा।'

इस कार्यक्रम में फैशन शोकेस भी किया गया, जहाँ मॉडल्स ने एथनेयर कलेक्शन के शानदार परिधानों में रैंप पर कदम रखा। उपस्थित रिटेलर्स ने शोकेस के दौरान फैब्रिक की बनावट और विस्तृत कलर रेंज एवं डिजाइंस देख काफी प्रभावित हुए और अपने स्टोर में इस कलेक्शन को स्टॉक करने के लिए उत्साह व्यक्त किया। एथनेयर के लॉन्च के साथ सियाराम ने ग्राहकों को हर अवसर के लिए फैब्रिक और फैशन कलेक्शन के बेहतरीन विकल्प प्रदान करने के साथ ही अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत किया है। यह संग्रह 1 सितंबर से पूरे क्षेत्र में अग्रणी रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होने वाला है। एथनेयर संग्रह में 7 बेहतरीन रेंज शामिल है।

## एथनेयर कलेक्शन में बेहतरीन 7 रेंज

1. **राजवंशी** - एक शानदार एम्ब्रॉयडरी शेरवानी कलेक्शन है, जो रॉयललुक पसंदीदा लोगों के लिए परफेक्ट चॉइस है। इस फैब्रिक की बेहतरीन बनावट एवं शानदार डिजाइंस है।
2. **विजेता** - एक एम्ब्रॉडरी वाला इंडो-वेस्टर्न कलेक्शन जो पारंपरिक और आधुनिक शैलियों को सहजता से मिश्रित करता है, जो फैशन-फ़ॉरवर्ड व्यक्ति के लिए एकदम सही है।
3. **महाराजा** - एक एम्ब्रॉयडरी वाला बंद गला कलेक्शन, जो शो फेस्टिवेशन और कुछ हट के दर्शाता है। यह विशेष अवसरों के लिए स्पेशल परिधान है।
4. **वैभव**- मिरर और एम्बेलिशमेंट कुर्ता कलेक्शन।
5. **तेजस्वी** - जैकॉर्ड एम्ब्रॉयडरी टक्सेडो कलेक्शन, जिसमें क्लासिक एलिगेंस और आधुनिक फ्लेयर का कलेक्शन है, जो फॉर्मल इवेंट्स के लिए एकदम सही है।
6. **सरगम**- प्रीमियम एम्ब्रॉयडरी कुर्ता कलेक्शन
7. **वैभव**- मिरर और एम्बेलिशमेंट कुर्ता कलेक्शन।
8. **मिलाप**- एक बेहतरीन एम्ब्रॉयडरी और प्रिंटेड कुर्ता और बंडी कलेक्शन।

सभी रिटेलर्स को यह सभी कलेक्शन बेहद पसंद आए और कंपनी को सभी कलेक्शन में बहुत बढ़िया ऑर्डर मिले। इस भव्य लॉन्च के बाद अगले कुछ दिनों में इस कलेक्शन को लखनऊ, वाराणसी, काठमांडू, कोलकाता और जयपुर में भी प्रदर्शित किया जाएगा।



वाह! क्या कलेक्शन है। एथनिक कैटेगरी में पहली बार मैंने इतने शानदार डिजाइन और प्रजेंटेशन देखे हैं। हमारे इलाके के रिटेलर इस रेंज से बहुत खुश हैं। विजाग लॉन्च इवेंट बहुत बढ़िया रहा।

- महेश कुमार थराड़
सौरभ सिन्थेटिक्स , पटना



हम एथनेयर और कैरिसियो टीम का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हैं। दक्षिण में भी एथनिक फैशन तेजी से उभर रहा है और अपनी जगह बना रहा है। कैरिसियो टीआर रेंज बहुत खूबसूरत है। हम आने वाले सीजन में इसे और मजबूत बनाने के लिए उत्सुक हैं। विजाग में इस शानदार लॉन्च के लिए सियाराम की टीम को बधाई।

- अंशुल जैन
रेड ऑक्स इण्टरनेशनल, दिल्ली



सियाराम की टीम को बधाई, बहुत अच्छी रेंज और बहुत अच्छी प्रस्तुति। वूल फिनिश टीआर सूटिंग रेंज भी अच्छी है। इन दो श्रेणियों में सियाराम के साथ आगे एक शानदार भविष्य दिखाई देता है।

- नवीन रंगीला
मॉड कैज्युअल, दिल्ली



हम इस शानदार लॉन्च के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम एथनिक और कैरिसियो टीआर सूटिंग के साथ एक शानदार भविष्य देखते हैं। सियाराम को इन दोनों ब्राण्ड्स की अद्भुत लॉञ्चिंग के लिए बहुत-बहुत बधाई।

- रवि सिन्हा
सांई खादी भंडार, पटना



# ASHARFI FABRICS को TEXCON 4.0 में मिला सुपर रिस्पॉन्स






## आकर्षक पैकिंग डिजाइंस देख व्यापारी हुए उत्साहित







**कानपुर**

JJ Saree Pvt. Ltd. कानपुर द्वारा 9 से 10 सितंबर, 2024 को गंगा वैली में आयोजित TEXCON 4.0 में Asharfi Fabrics Pvt. Ltd. की फैंसी पीस पैंकिंग का दिखा जलवा, जहाँ यूपी, बिहार और झारखण्ड से आए रिटेल व्यापारियों ने आने वाले लग्न-मुहूर्त सीजन को देखते हुए दिल खोलकर ऑर्डर बुक कराए, वहीं Asharfi Fabrics की पैकिंग और क्लॉथिंग क्वालिटी की भी जमकर तारिफ की।

कॉन्फ्रेंस में उपस्थित कंपनी के डायरेक्टर श्री अभिनंदन जैन ने बताया कि हमने सूटिंग-शर्टिंग कॉम्बो पैकिंग में लगभग 30 पैकिंग सूट लैंथ में 8 से 10 पैकिंग एवं कुर्ता-पायजामा में 3 पैकिंग और सफारी सूट की 6 पैकिंग के साथ डिस्प्ले लगाया है।

कंपनी हैड श्री शमशेर राव ने बताया कि हमारी रेंज श्रेष्ठ एवं बेहतरीन कलेक्शन के साथ उपलब्ध है एवं अन्य निर्माताओं से हटकर है जो की रिटेलर्स और कंज्यूमर को काफी आकर्षित करती है। स्टॉल पर कंपनी की सेल्स टीम भी उपस्थित थी, जिन्होंने कंपनी द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रॉडक्ट्स की विशेष जानकारी व्यापारियों को प्रदान की।




### कॉटन में गिरावट की संभावना कम

## उत्पादन में कमी की आशंका : बुआई 9.07 प्रतिशत कम

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

अक्टूबर, 2024 से आरंभ हो रहे कॉटन सीजन के दौरान कॉटन के उत्पादन में गिरावट की आशंका से इसके भाव में गिरावट की संभावना धूमिल हो गई है। जानकारों का कहना है कि उत्पादन कम होने की आशंका से पिछले कुछ सप्ताहों से इसके भाव में बढ़ोतरी हो रही है और ऐसा नहीं लगता कि आगामी सीजन आरंभ होने पर इनमें कोई उल्लेखनीय कमी आ पाएगी।

गत वर्ष किसानों को आशा से कम भाव मिलने और उत्तरी भारत में पिंक बालवार्म से हुए भारी नुकसान को देखते हुए उन्होंने कॉटन के स्थान पर दूसरी फसलों की ओर रूख कर लिया जिससे 13 सितम्बर तक देश में कॉटन के क्षेत्रफल में 9.07 प्रतिशत की कमी आ चुकी है और घटकर 112.48 लाख हैक्टेयर रह गया गया। गत वर्ष इसी अवधि में बुआई 123.69 लाख हैक्टेयर पर हो चुकी थी।

वर्ष 2023-24 में देश में कॉटन की बुआई 123.87 लाख हैक्टेयर पर हुई थी, जबकि इससे पूर्व 127.73 लाख हैक्टेयर पर हुई थी। इस प्रकार गत कुछ वर्षों से कॉटन की बुआई में लगातार कमी आ रही है। जानकार व्यापारियों का मानना है कि देश में कॉटन की बुआई में गिरावट के कारण अक्टूबर से आरंभ होने वाले कॉटन सीजन वर्ष 2024-25 के दौरान उत्पादन में कमी आने की आशंका बन रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत में वर्ष 2023-24 के दौरान कॉटन का लगभग 325 लाख गांठ (प्रति 170 किलो) होने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2022-23 में 336.60 लाख गांठ था। प्रमुख उत्पादक राज्य गुजरात में बुआई कम होने के साथ ही मौसम भी प्रतिकूल बना हुआ है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 13 सितम्बर तक देश में कॉटन की बुआई केवल 112.48 लाख हैक्टेयर पर ही हुई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 123.69 लाख हैक्टेयर पर हो चुकी थी। इस प्रकार बुआई में 11.21 लाख हैक्टेयर या 9.07 प्रतिशत की कमी आ चुकी है।

व्यापारियों का कहना है कि वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितम्बर) के दौरान कॉटन के नीचे भाव को देखते हुए यह पहले ही नजर आ रहा था कि इस वर्ष बुआई कम होगी लेकिन इतनी गिरावट का अनुमान नहीं था। कॉटन की बुआई में सबसे अधिक गिरावट 34.39 प्रतिशत की उत्तरी भारत में आई जहां इसका क्षेत्रफल घटकर केवल 10.96 लाख हैक्टेयर ही रह गया, जबकि गत वर्ष 16.70 लाख हैक्टेयर था। पंजाब में किसानों ने इस वर्ष केवल 1 लाख हैक्टेयर पर ही बुआई की है, जबकि गत वर्ष 2.14 लाख हैक्टेयर पर थी।

जानकारों का कहना है कि कॉटन की खेती में लागत बढ़ रही है लेकिन गत वर्ष भाव ठीक नहीं मिले। इस समय विश्व बाजार में भाव कम होने के कारण किसानों को डर है कि निर्यात कम हो सकता है तथा आयात बढ़ सकता है। व्यापारियों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों से पंजाब में कॉटन का क्षेत्रफल लगातार कम होता जा रहा है, क्योंकि वहां पर लगभग हर वर्ष पिंक बालवार्म के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा है और किसानों को नुकसान हो रहा है, जिससे उनका मोह सफेद सोना कहे जाने वाली इस फसल से कम होता जा रहा है। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान वहां पर क्षेत्रफल एक-तिहाई से भी कम रह गया। हालांकि, अभी तक राजस्थान और हरियाणा में कॉटन का क्षेत्रफल ठीक चल रहा था लेकिन गत वर्ष इन राज्यों में भी कीट के प्रकोप से किसानों ने इस वर्ष कम बुआई की है।

**मध्य भारत–** मध्य भारत में कॉटन की बुआई 6.68 प्रतिशत घटकर 70.59 लाख हैक्टेयर रह गई लेकिन गुजरात में भारी गिरावट चिंता का विषय है। देश में कॉटन के सबसे बड़े उत्पादक राज्य गुजरात में 13 सितम्बर तक कॉटन की बुआई लगभग 12 प्रतिशत घटकर 23.63 लाख हैक्टेयर रह गई है। व्यापारियों का कहना है कि अधिक लाभ की आशा से राज्य के किसानों ने मूंगफली और सोयाबीन की ओर रूख किया है।

महाराष्ट्र में कॉटन की बुआई 3.62 प्रतिशत कम होकर 40.82 लाख हैक्टेयर रह गई है जबकि मध्य प्रदेश में 35,000 हैक्टेयर घटकर 6.15 लाख हैक्टेयर रह गई है। हालांकि, दक्षिणी भारत में कर्नाटक में क्षेत्रफल कुछ बढ़ा है लेकिन कुल मिलाकर कॉटन की बुआई 1.74 प्रतिशत घटकर 27.71 लाख हैक्टेयर रह गई है। आंध्रप्रदेश में क्षेत्रफल 1.57 प्रतिशत घटकर 3.77 लाख हैक्टेयर, तेलंगाना में 2.76 प्रतिशत कम होकर 17.52 लाख हैक्टेयर, तमिलनाडु में16.30 प्रतिशत गिरकर केवल 23,000 हैक्टेयर रह गया है। बहरहाल, कर्नाटक में रकबा केवल 10,000 हैक्टेयर बढ़कर 6.81 लाख हैक्टेयर हो गया है। ओडिशा और अन्य राज्यों में कॉटन के क्षेत्रफल में मामूली वृद्धि हुई है। हालांकि, सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए कपास के न्यूनतम समर्थन मूल्य 500 रूपए बढ़ाकर 7,121-7,521 रूपए प्रति क्विंटल कर दिए हैं, लेकिन इसके बावजूद किसानों ने कॉटन फसल से बेरुखी दिखाई है।

व्यापारियों का कहना है कि वर्ष 2023-24 के दौरान विश्व बाजार में भाव ऊँचे होने के कारण निर्यात अधिक हुआ लेकिन घरेलू बाजार में कॉटन के भाव किसानों की आशा की तुलना में कम ही बढ़ें। इसी बीच, न्यूयॉर्क में कॉटन के भाव में गत कुछ महीनों के दौरान भारी गिरावट आ चुकी है, क्योंकि अमेरिका में आर्थिक मंदी की आशंका बनी हुई है। गारमेंट का निर्यात कम होने की आशंका से चीन की कॉटन का आयात कम होने की संभावना जताई जा रही है।

जानकारों का कहना है कि विश्व बाजार में गत 6 महीनों के दौरान कॉटन के भाव में लगभग 30 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है और इससे भारत से कॉटन निर्यात के आसार कम हो रहे हैं। वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में बांग्लादेश से भी गारमेंट निर्यात प्रभावित होने की आशंका है और इससे उसका कॉटन आयात कम होने की आशंका है। उल्लेखनीय है कि चीन और बांग्लादेश विश्व में गारमेंट के बड़े निर्यातक देश है और कुल वैश्विक कॉटन का अधिकांश भाग इन दोनों देशों द्वारा ही आयात किया जाता है।

## श्रमिकों के आने से कारोबार में हलचल

### ग्रे-क्लॉथ में आई जान

**बालोतरा / लालचन्द पुनीत**

विगत समय से चल रही मंदी का कोहरा छिट मार्केट में झिलमिल प्रकाश प्रस्फुरित होने लगा है। औद्योगिक क्षेत्र में मंद पड़ा कारोबार अब काफी हलचल पूर्ण है। श्रमिकों के आने का क्रम तो बना है, साथ ही अभी-भी अधिकांश के आने का इंतजार है। दिशावरी मण्डियों के ग्राहक तैयार माल लेने के इच्छुक लग रहे हैं और ऑर्डर भी बराबर आने शुरू हो गए हैं।

उत्पादकों के समक्ष सुविधा यह है कि माल तो उपलब्ध है, परंतु रंगाबेजी का अभाव है। इस स्थिति में उत्पादक व्यापारी को स्टॉक के रंग भेजकर उनकी सहमति के अनुसार माल चालान करते हैं। जिन व्यापारियों को अपने रंगों में ही माल चाहिए उनको ये स्पष्ट रूप से बता रहे हैं कि आपकी माल चालानी में पंद्रह से बीस दिनों का विलंब होगा। कुछ भी हो पोपलीन, पेटीकोट, नाईटी क्लॉथ और पौकेटिंग के माल की डिमाण्ड बनी है। उत्पादक इन दिनों यकायक ग्राहकी उभरने से पुराने भावों में माल दे रहे हैं। ग्रे बाजार में मामूली सुर्खी है, इसलिए आगामी सीजन को देखकर व्यापारी माल लेने के इच्छुक नजर आ रहे हैं। ग्रे-क्लॉथ के सौदे जो लम्बे समय से नहीं हो पा रहे थे, उसमें जान आ गई है। वर्तमान वातावरण को देखकर लगता है कि उद्यमियों को आगे की सीजन अच्छी चलने की पूरी संभावना है। बरसाती मंदी की सीजन में उद्यमी इस बार शेयर मार्केट में भी भाग लेते हुए दिखे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि व्यापारी अब माल के पारखु हो गए है। वे प्रतिष्ठान जो गुणवत्तापूर्ण माल का उत्पादन करते हैं, उनके पास माल की लेवाली अच्छी बनी हुई है, लोग ऐसे प्रतिष्ठानों से एडवांस में माल लेने में भी नहीं हिचकते है।

asharfi®
FABRICS

A Royal Product for Royal Class

Manufacturer of unique combos in Industry

PEOPLES CHOICE
HELD AT VARIOUS CONFERENCES 2023-2024

SCAN FOR CATALOGUE



Combos / Safaris / Suit Lengths / Ethnics

Currently Working With Some Leading Wholesalers & Distributers Across India

Asharfi Fabrics Pvt. Ltd.

For Trade Enquiry: - Call -87088-98361, 92540-41864

Website: www.asharfi.in | E-mail:customercare@asharfi.in | Panipat, Haryana ( 132103) Follow Us on :- YouTube

## सम्पादकीय....

# निराशा के अंधकार में आशा की किरण पहुँचाना आवश्यक कदम

'आत्महत्या की हर घटना झकझोर जाती है, पर जब कोई प्रतिभावान युवा अपनी जान लेता है, तो यह न केवल त्रासद, बल्कि पूरे देश-समाज के लिए नुकसानदायक बात है। बड़े दुःख की बात है कि दिल्ली में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के 25 वर्षीय स्नातकोत्तर मेडिकल छात्र को उसके कमरे में मृत पाया गया। प्रथम दृष्टया, ऐसा लग रहा है कि छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है, लेकिन पुलिस को व्यापकता में जाँच करनी चाहिए और हर आशंका को परखना चाहिए। जानना जरूरी है कि आखिर एक टॉपर छात्र ऐसे मुकाम पर कैसे पहुंच गया? वह रेडियोलॉजी का द्वितीय वर्ष का छात्र था और उसे बेहतरीन विशेषज्ञ डॉक्टर बनना था। लोग यह भूले नहीं थे कि पंजाब का यह छात्र साल 2017 में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी या नीट) का टॉपर था। उसके पिता सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल हैं और छोटा भाई भी मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। जिस परिवार ने अपना होनहार खोया है, उसके साथ सबकी संवेदना होनी चाहिए।

'ऐसी घटनाएं समाज को विचलित कर देती हैं। समाज विज्ञानियों और चिकित्सकों को मिलकर अध्ययन करना चाहिए। ध्यान रहे, दिल्ली में ही 27 अगस्त को ओल्ड रेजिडेंट डॉक्टर हॉस्टल में एक 20 वर्षीय मेडिकल छात्र का शव मिला था। छात्रों के बीच भी यह सवाल बार-बार उठ रहा होगा। क्या निराशा इतनी बढ़ गई है कि अपनी जीवन में पढ़ाई के झंडे गाड़ने वाले छात्रों को भी अपना भविष्य स्याह लग रहा है? इस साल फरवरी के महीने में यह आंकड़ा सामने आया था कि पिछले पांच वर्षों में कम से कम 122 मेडिकल छात्रों ने आत्महत्या की है, जिनमें से 64 एमबीबीएस में और 58 स्नातकोत्तर पाठ्य' मों अध्ययनरत थे। यह संख्या कम नहीं है। एक भावी चिकित्सक को ऊर्जा और उत्साह से भरपूर होना चाहिए, क्योंकि उसे लोगों की सेवा के लिए समर्पित होना है। उसे चिकित्सक बनने का मौका मिला है और अच्छे चिकित्सकों को लोग भगवान की तरह आदर देते हैं। सम्मानजनक जिंदगी की ओर जा रहे छात्रों के दिलोदिमाग में निराशा का एक कतरा नहीं होना चाहिए, पर हर महीने औसतन दो मेडिकल छात्र आत्महत्या कर लेते हैं।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने इस साल फरवरी में यह भी बताया था कि पांच साल में 1,270 मेडिकल छात्रों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। एक और तथ्य गौरतलब है कि पढ़ाई छोड़ने वालों में से 153 विद्यार्थी एमबीबीएस कर रहे थे और 1,117 ने स्नातकोत्तर के दौरान पढ़ना छोड़ दिया। मतलब, विशेषज्ञ चिकित्सक बनने का मौका भी हाथ से निकलने दिया जा रहा है? क्या चिकित्सा शिक्षा का ध्यान रखने वाली जिम्मेदार संस्थाओं ने इन तथ्यों पर गहराई से गौर किया है? बेशक, छात्रों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बढ़ती जा रही है। यह होनहार सिख छात्र भी शायद आत्महत्या न करता, अगर उसके पास संस्थान के होस्टल की सुविधा होती। वह अलग कमरा लेकर रह रहा था, तो हो सकता है, अकेलेपन की वजह से अवसाद में चला गया हो। आज छात्रों के सामने समस्याओं का अंबार है। ज्यादातर शिक्षा संस्थान छात्रों की मूलभूत सुविधाओं और मनोदशा से अंजान बने रहते हैं। ऐसे में, छात्रों को अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के साथ ही अपनी मनोदशा को भी मजबूत रखना पड़ता है। आज शिक्षा संस्थानों के लिए ही नहीं, यह सरकार और समाज के लिए भी विशेष रूप से अपने घर-परिवार से दूर अकेले रहने वाले छात्रों की फिक्र का समय है।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# गरीबी की सबसे बड़ी वजह है आर्थिक असमानता



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

नमस्कार मित्रों,

औद्योगिक क्रांति की बदौलत पिछले कुछ सालों में दुनिया काफी तेजी से बदली है। कुछ सालों पहले जो काम करने में काफी वक्त लगता था, वह आज चुटकियों में हो जाता है। तकनीकी, संचार, यातायात, कृषि जैसे क्षेत्रों में अकल्पनीय प्रगति हुई है। हालांकि, एक विरोधाभास अब भी बना हुआ है। दुनिया में लाखों लोग अभी-भी भूख और कुपोषण से पीड़ित हैं। स्वतंत्रता के बाद भारत में आर्थिक असमानता की खाई साल दर साल चौड़ी होती जा रही है, जबकि भगवान ने तो सभी के लिए पर्याप्त मात्रा में अन्न प्रदान किया है, लेकिन हम मनुष्य ही इसे समान रूप से वितरित करने में विफल रहे हैं।

भारत में फिलहाल त्योहारों का सीजन चल रहा है। इस दौरान बाजारों में नई रौनक देखने को मिल रही है। लोग बड़े उत्साह से खरीददारी और तैयारियों में जुट जाते हैं। हालांकि, भारत का काफी बड़ा वर्ग इन त्योहारों की सीजन का आनंद नहीं ले पाता। एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार भारत में आज भी 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवन निर्वाह कर रहे हैं, जो भारत की कुल आबादी का करीब 22 प्रतिशत हैं। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे परिवार अपने बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्याप्त भोजन जैसी मूलभूत सुविधाए नहीं दे पाता हैं।

कुछ ताजा आंकड़ों को देखें तो 'वर्ल्ड इन इक्वालिटी लैब' द्वारा की जाने वाली एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व के 0.1 प्रतिशत लोगों के पास दुनिया की कुल दौलत का 13 प्रतिशत हिस्सा है। संपूर्ण विश्व में व्याप्त असमानता की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आय की सर्वोच्च श्रेणी में गिने जाने वाले शीर्ष 1 प्रतिशत लोगों की कुल संख्या महज 7.5 करोड़ है, जबकि सबसे नीचे के 50 प्रतिशत लोगों की कुल संख्या 3.7 अरब है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2014 में भारत के शीर्ष 1 प्रतिशत अमीरों के पास राष्ट्रीय आय की 22 प्रतिशत हिस्सेदारी थी और शीर्ष 10 प्रतिशत अमीरों के पास 56 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

वैश्विक गरीबी आज विश्व के सामने सबसे गंभीर समस्या बन गई है। गरीबी को मापने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने कुछ पैमाने तैयार किए हैं। भारत जैसे विकासशील देशों में गरीबी मापने के लिए 'निरपेक्ष गरीबी' का पैमाना उपयोग में लिया जाता हैं। भारत में यदि किसी परिवार की प्रतिदिन आय ग्रामीण क्षेत्रों में 32 रूपये और शहरी क्षेत्रों में 47 रूपये से कम है, तो ही वह परिवार गरीबी रेखा से नीचे माना जाएगा। जो की काफी हास्यास्पद है।

दक्षिण अफ्रीका के भूतपूर्व राष्ट्रपति और रंगभेद के खिलाफ सालों-साल तक संघर्ष करने वाले नेल्सन मंडेला के मुताबिक 'गरीबी प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानव निर्मित हैं'। अफ्रीका महाद्वीप के कई देश जैसे की सोमालिया, इथीयोपिया, सूडान, कांगो इत्यादि काफी समय तक गृहयुद्ध का शिकार रहें। कई देशों में तख्तापलट हुआ एवं दो गुटों के संघर्ष ने हिंसक रूप लिया, कुछ देशों को पूंजीवादी ताकतों ने खोखला किया। ऐसी कई वजह हैं जिनसे हम कह सकते हैं कि गरीबी प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानव निर्मित है।

अमेरिकी लेखक मार्क बेटरसन कहते हैं कि यदि आपके पास दो टंक का खाना है, आपके पास शरीर ढकने के लिए कपड़े हैं, आपके सिर पर छत और सोने के लिए जगह है तो आप विश्व के 75 प्रतिशत लोगों से ज्यादा अमीर हैं। अगर आपके बैंक में पैसे हैं और आप जहां चाहें वहां जा सकते हैं, तो आप दुनिया के 18 प्रतिशत सबसे धनी लोगों में से एक हैं। यदि आपने कभी युद्ध के खतरे, कारावास की यातना और भूखमरी की भयानक पीड़ा का अनुभव नहीं किया है, तो आप दुनिया के करीब 50 करोड़ लोगों से ज्यादा भाग्यशाली हैं। भगवान से मेरी यही प्रार्थना है कि संसार में कोई भी इंसान भूखा न रहे। सभी को पर्याप्त मात्रा में अन्न मिले। बस, इसी उम्मीद के साथ मैं अपनी बात को एक शायरी के माध्यम से विराम देना चाहूँगा।

**मेरे हिस्से की रोटी सीधा मुझे दे दे ए-खुदा,**
**तेरे बंदे तो बड़ा जलील करके देते हैं।**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# उद्योग व्यापार मण्डल के त्रि-वार्षिक चुनाव सम्पन्न



**मुजफ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल**

